राजस्थान सरकार

**कार्यालय सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)**

क्रमांकः– 1726 दिनांकः–01-08-2024

# निविदा सूचना

कार्यालय सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) में डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की AMC हेतु पंजीकृत संस्थाओं से मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | सामग्री / कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. | निविदा विक्रय करने की अंतिम दिनांक | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की AMC हेतु | 50000 | 100 | 07.08.24 अप. 4:00 बजे | 07.08.24 अप. 4:00 बजे | 08.08.24 11:00 AM |

एवं

उक्त निविदा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 के तहत जारी की जाकर राजकीय वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव

मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी नीमकाथाना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | [illegible] दिनांक.................... का विवरण | | |
| 2. | पेन कार्ड (आयकर) | | |
| 3. | ब्लैकलिस्टेड नहीं किये जाने के संबंध में स्वघोषणा पत्र | | |
| 4. | जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र | | |

**उक्त रजिस्ट्रेषन के संबंधित सत्यापित दस्तावेज निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिये गये है।**

हस्ताक्षर निविदादाता

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)**

क्रमांकः– 1726 दिनांकः– 01-08-2024

डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की AMC हेतु निविदा आवेदन प्रपत्र

उक्त निविदा सूचना आज दिनांक ................................... को मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी की गई।

**सदस्य सचिव**

**मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी नीमकाथाना**

**तकनीकी बिड (स्टेज–1)**

1. निविदादाता व्यक्ति/फर्म का नाम एवं पता : ............................................................................................................................................................................................................:

2. फर्म / प्रोपराइटर / पार्टनर/ संचालक का पैन न. : ................................................(फोटो प्रति सलंग्न करें)

3. ई – मेल एड्रेस : .........................................................................................

4. निविदा शुल्क की नकद जमा राशि रूपये 200/– रसीद सं0..................दिनांक............................

5. संलग्न प्रमाण पत्रों का विवरणः–

| क्र. सं. | प्रमाण पत्र का प्रकार | हॉ या नही | जारी होने की तिथि/वैद्यता अवधि/बैंक का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सूचना में अंकित धरोहर राशि रू.......... का डी डी नम्बर.......................... दिनांक.......................... का विवरण | | |
| 2. | पेन कार्ड (आयकर) | | |
| 3. | ब्लैकलिस्टेड नहीं किये जाने के संबंध में स्वघोषणा पत्र | | |
| 4. | जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र | | |

**उक्त रजिस्ट्रेषन के संबंधित सत्यापित दस्तावेज निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिये गये है।**

हस्ताक्षर निविदादाता

कार्यालय सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

## वित्तीय निविदा(स्टेज 2)

निविदादाता द्वारा डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की AMC का विवरण :–

| क्र. सं. | आईटम का नाम | दर (सभी करों सहित) |
|---|---|---|
| 1. | **डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की AMC** (greaves cotton ltd.) | |

1. वित्तीय निविदा अलग से बंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी।
2. विभाग द्वारा नियमानुसार टी.डी.एस. काट कर भुगतान किया जावेगा।
3. उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्ते जो संलग्न पृष्ठ में दी गई है, जिसके समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमारे हस्ताक्षर कर दिये गये है, का भी पालन करने के लिए हम सहमत है।

हस्ताक्षर निविदादाता

राजस्थान सरकार

**कार्यालय सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)**

नियम एवं शर्तेः–

1. निविदादाता सलंग्न सूची तथा फॉर्मेट के अनुसार अपनी दर प्रस्तुत करे इसमें कॉट – छॉट कर परिवर्तन नहीं करें। यदि कोई परिवर्तन आवश्यक हो तो उसे सूची के अंत में लिखे।
2. AMC जीएसटी सहित प्रस्तुत करें,निविदा अवधि में जीएसटी दर में यदि परिवर्तन होता है तो नियमानुसार परिवर्तित दर से जीएसटी देय होगी।
3. सफल निविदादाता को निविदा की अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रुप में जमा करानी होगी।
4. सफल निविदादाता को 100रू के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा। स्टाम्प स्वयं निविदादाता द्वारा क्रय किया जायेगा।
5. सफल निविदादाता को कार्य अस्पताल प्रशासन के निर्देशानुसार करना होगा । कार्य में देरी होने, कार्य बाधित होने या सन्तोषजनक नहीं होने पर क्रय कमेटी को यह अधिकार होगा की वह भुगतान में कटौती करने हेतु निर्देशित करेगी।
6. निविदादाता द्वारा कार्य समय पर नहीं करने, दूर्व्यवहार करने पर समिति कि अनुशंषा पर फर्म को ब्लैक लिस्ट कर प्रतिभुति राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आगामी न्यूनतम दर वाली फर्म को निविदा आंवटित कर दी जायेगी।
7. बकाया बिलों का भुगतान फंड/बजट की उपलब्धता के अनुसार ही किया जायेगा।
8. सभी कॉलमों की पूर्ति करना आवश्यक है अपूर्ण प्रविष्ठि होने पर निविदा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा।
9. उपर्युक्त निविदा पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।
10. सफल निविदादाता को कार्य हेतु आवश्यक उपकरणों को अपने स्तर से ही अस्पताल से लाना एवं ले जाना होगा तथा प्रत्येक 6 माह से जनरेटर की सर्विस करनी होगी। इस हेतु अस्पताल द्वारा कोई अतिरिक्त किराया/ शुल्क देय नहीं होगा।
11. कार्य के संबंध में अस्पताल प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना की जानी आवश्यक है। इस संबंध में कोई शर्त मान्य नहीं होगी।
12. कार्य हेतु निर्धारित योग्यता धारी इंजिनियर को ही भिजवाया जाना होगा। सफल निविदादाता को कार्य हेतु रखे जाने वाले इंजिनियर के दस्तावेज अनुबंध के साथ कार्यालय में जमा करवाने होंगे।
13. दर संविदा बारह माह के लिए वैध होगी जिसमें अधिक वृद्धि का अधिकार अस्पताल प्रशासन को होगा जो निविदा दाता को मान्य होगी।
14. प्रत्येक 30 दिवस पर इंजिनियर को डीजी सेट जनरेटर की विजिट करनी होगी तथा इसका इन्द्राज संबंधित इंचार्ज व अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष रजिस्टर में करना होगा तथा डीजी सेट

जनरेटर में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में अवगत करवाना होगा।

15. प्रत्येक 30 दिवस/6 माह में इंजिनियर द्वारा विजिट/सर्विस नहीं करने पर आनुपातिक रूप से देय राशि की दुगनी राशि की कटौती भुगतान से कर दी जाएगी।
16. निविदादाता को राशि का भुगतान इंजिनियर द्वारा की गई विजिट के आधार पर प्रत्येक छह माह पर निविदादाता द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर किया जाएगा।
17. निविदादाता द्वारा सर्वप्रथम संबंधित इंचार्ज को एएमसी हेतु चैकलिस्ट उपलब्ध करवाई जाएगी तथा उसके अनुसार डीजी सेट जनरेटर 160 केवीए की जांच की जाएगी।
18. निविदादाता को अद्योहस्ताक्षरकर्ता के आदेशानुसार मॉकड्रिल हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।
19. डीजी सेट जनरेटर में किसी भी प्रकार की तकनीकी/अन्य समस्या होने पर निविदादाता तुरन्त प्रभाव से तकनीकी समस्या/अन्य समस्या के निस्तारण हेतु चिकित्सालय में उपस्थित होना होगा। अन्यथा चिकित्सालय को होने वाली हानि की सीमा तक निविदा समिति की अनुशंसा पर भुगतान से राशि की कटौती कर ली जावेगी।

हस्ताक्षर निविदादाता

## घोषणा

मैने आपकी निविदा क्रमांक दिनांक के लिये निधार्रित सभी शर्तो को पढ़ एवं समझ लिया है तथा शर्तो के अनुसार उक्त सामान प्रदान करने के लिये मैं पूर्ण रूप से सहमत हूँ। ऊपर दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। कोई भी तथ्य गलत पाये जाने पर मैं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहूँगा।

हस्ताक्षर निविदादाता